प्रेस नोट ***25/02/2025***

हाईस्कूल हिन्दी प्रश्न पत्र में दुसरे के स्थान पर परीक्षा देने के प्रकरणों में कुल 02 गिरफ्तार–

थाना मधुबन । हाईस्कूल परीक्षा के अवसर पर दिनांक 24.02.2025 को थाना मधुबन क्षेत्रान्तर्गत जनता शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज दुबारी जनपद मऊ में हिन्दी के प्रश्न पत्र में 02 व्यक्ति जो किसी अन्य व्यक्तियों के स्थान पर बैठकर परीक्षा देने की सूचना पर प्राप्त हुई। जिस पर जॉच पडताड की गयी तो ज्ञात हुआ किं अभ्यर्थी अभिनव यादव पुत्र दीपनरायण यादव निवासी के स्थान पर दुर्गेश कुमार पुत्र श्रीकान्त निवासी धर्मपुर बिनटोलिया जनपद मऊ तथा अभ्यर्थी मिथिलेश चौहान पुत्र मुसाफिर चौहान के स्थान पर गोविन्द चौहान पुत्र शिवलाल चौहान निवासी बखरिया धर्मपुर देवारा जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 63/25 धारा 319(2),318(4),61(2) बीएनएस व धारा 6/10 उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण–

1. दुर्गेश कुमार पुत्र श्रीकान्त निवासी धर्मपुर बिनटोलिया थाना मधुबन जनपद मऊ ।
2. गोविन्द चौहान पुत्र शिवलाल चौहान निवासी बखरिया धर्मपुर देवारा थाना मधुबन जनपद मऊ ।

ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के क्रम में मानिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी के उपरांत दोषसिद्ध 03 अभियुक्त को 07-07 वर्ष की कठोर कारावास व ₹27,000-27,000 के अर्थदंड से हुये दंडित-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल के प्रभावी पैरवी के उपरांत माननीय न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद मऊ द्वारा आज दिनांक 25-02-2025 को मु0अ0सं0 477/2011 धारा 323/504/506/307/452 भादवि थाना दक्षिणटोला में दोषसिद्ध अभियुक्तगण फिरोज आलम पुत्र रियाजुद्दीन, इकबाल पुत्र रियाजुद्दीन, मो0 आलम पुत्र महबूब आलम निवासीगण प्यारेपुरा थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ को कारित अपराध के लिए 07-07 वर्ष की कठोर कारावास की सजा एवं ₹27,000-27,000 जुर्माने के दण्ड से दंडित किया गया, अर्थदंड न अदा करने पर 06 माह के अतिरिक्त कारावास से दंडित किया जायेगा।

सजा कराये जाने में विशेष लोक अभियोजक श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह , प्रभारी मॉनिटरिंग सेल निरीक्षक श्री नवल किशोर सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल सिंह तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी सुनील कुमार गुप्ता थाना दक्षिणटोला का सराहनीय योगदान रहा।

महाशिवरात्रि को लेकर जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 25.02.2025 सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, दक्षिणटोला व भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मऊ नगर क्षेत्र में रूट मार्च/पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान थाना कोतवाली नगर से मिर्जाहादीपुरा तक भ्रमण कर रोड के किनारे अतिक्रमण जुलुस निकलने वाले मार्गो का भ्रमण कर आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही साथ समस्त थाना क्षेत्रान्र्तगत क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।